# आनंद कुमार ने युवाओं से साझा किए अनुभव

**जागरण संवाददाता, देहरादून** : सुपर-30 फेम प्रसिद्ध गणितज्ञ पद्मश्री आनंद कुमार ने युवाओं को प्रोत्साहित किया व उनके करियर और जीवन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। यूपीईएस यूनिवर्सिटी में एक शिक्षक के रूप में उन्होंने न केवल युवाओं को प्रेरित किया, बल्कि इंजीनियरिंग करियर को आगे बढ़ाने और जीवन की चुनौतियों का समाधान करने के लिए मार्गदर्शन किया।

यूपीईएस यूनिवर्सिटी के सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम ने भावी युवा इंजीनियरों को आनंद कुमार के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर मिला। विभिन्न सत्रों उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और प्रेरणा के साथ उन्हें सशक्त बनाते हुए, आगे के रोडमैप पर प्रकाश डाला। आनंद कुमार ने कहा कि सफलता केवल जेईई स्कोर से निर्धारित नहीं होती है। उन्होंने




यूपीईएस यूनिवर्सिटी में संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देते सुपर-30 फेम आनंद कुमार एवं विवि के सफल पूर्व छात्र ● साभार विवि

वैकल्पिक रास्ते तलाशने और पूर्ण जीवन और सफल करियर बनाने की दिशा में अपना रास्ता बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने यूपीईएस के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र कुलदीप पाराशर जैसे युवा उद्यमियों के साथ भी बातचीत की, जिन्होंने 2021 में पेंशन बाक्स की स्थापना की। पेंशन बाक्स भारत का अग्रणी डिजिटल पेंशन प्लेटफार्म है, जो व्यक्ति की सेवानिवृत्ति की उम्र, स्थान की परवाह किए बिना उनकी आवश्यकताओं के लिए पेंशन योजनाओं को तैयार करने में सहयोग करता है। यूपीईएस के एक अन्य पूर्व छात्र, सिद्धिविनायक दुबे ने भी जेईई अभ्यर्थी से लेकर माइक्रोसाफ्ट में एक सफल साफ्टवेयर इंजीनियर बनने तक के अपने उल्लेखनीय परिवर्तन को साझा किया।